# 12 दुमदुमा गाँव के बच्चे

C8P9G4


बच्चों में अपार क्षमता होती है। उनमें स्वयं कुछ करने की लगन पैदा करना आवश्यक है। प्रस्तुत कहानी में दुमदुमा गाँव के लोगों की परेशानी को दूर करने के लिए बच्चे कैसे कदम उठाते हैं उसका निरूपण किया है।

बच्चे इस कहानी से प्रेरित होकर कक्षा, विद्यालय और गाँव की समस्या का हल ढूँढ़ने में जागरूक होंगे और कार्य भी करेंगे।

यह दुमदुमा गाँव है। यहाँ हमेशा पानी की कमी रहती थी। खेत सूख जाते, लोग परेशान रहते पर कोई उपाय नहीं कर पाते थे। बच्चे पानी में खेलना चाहते, तैरना चाहते पर कहाँ ?

एक दिन बच्चे खेल के मैदान में इकट्ठा हुए। उन्होंने पानी की कमी दूर करने की सोची।

"मैं बादलों से प्रार्थना करूँगा, रोज बरसो" - बिल्लू बोला। "बादल रोज कैसे बरस सकते हैं ?" महिमा बोली।





Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

तब फिर क्या हो ? सब सोचने लगे - "क्यों न एक बड़ा-सा गड्ढा खोदें, जिसमें बारिश का खूब सारा पानी भर जाए" रजिया बोली।

"हाँ-हाँ ! यही ठीक है," सारे बच्चे बोले। फिर बच्चे लाए फावड़े, कड़ाही, कुदालें और तसले। वे जमीन खोदते रहे। मिट्टी ढोते रहे। बाहर फेंकते रहे। बच्चों को काम करते हुए गाँववालों ने देखा। वे भी बच्चों के साथ काम करने में जुट गए। इस तरह बना एक बड़ा सा तालाब। बरसात में उस तालाब में पानी भरा। पानी से खेतों की सिंचाई हुई। खेतों में मक्का और धान लहलहाए।

लोग खुश हुए और बच्चे पानी में छपा-छप खूब नहाए।



**शब्दार्थ**

**प्रार्थना** उपासना, विनती **पानी** जल, नीर, वारि **कमी** अभाव **परेशान** दु:खी, व्याकुल **उपाय** युक्ति, तरकीब **बारिश** वर्षा, बरसात **धान** अन्न (यहाँ चावल)



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in



## अभ्यास

**1. सोचकर बताइए :**

(1) आपके गाँव या शहर में पानी के स्रोत कौन-कौन से हैं ?

(2) हम पानी का उपयोग कहाँ-कहाँ करते हैं ?

(3) 'पानी हमारा जीवन है । पानी का अपव्यय नहीं करना चाहिए ।' अब बताइए कि - लोग पानी का अपव्यय कैसे करते हैं ?

(4) पानी का अपव्यय न हो इस हेतु आप क्या-क्या करेंगे ?

**2.** • छात्रों को अपने गाँव या शहर के नज़दीक आए हुए नदी, जलपरियोजना, चेकडेम या खेत-तालाब की मुलाकात करवाइए ।

• मुलाकात के बाद छात्रों ने जो देखा है उसकी कक्षा में चर्चा और लेखन करवाइए ।

**3.** (अ) इकाई में आए शब्द नीचे दिए गए कोष्ठक में छिपे हुए हैं । उन्हें ढूँढ़िए और ⬭ कीजिए ।

| ब | र | श | त | न | य | दु | ढूँढ़े हुए शब्द यहाँ लिखिए । | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | ल | पा | भ | तै | र | म | 1. लहलहाए | 7. |
| सा | बा | ह | र | र | ब | दु | 2. | 8. |
| त | द | ख | ल | ना | ना | मा | 3. | 9. |
| क्ष | ल | ही | र्थ | हा | ना | पा | 4. | 10. |
| क | डा | प्रा | न | न | ए | सा | 5. | 11. |
| क | ला | म | छ | पा | छ | प | 6. | 12. |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ब) दिए गए इन वर्णों को योग्य स्थान पर रखिए और सार्थक शब्द बनाइए :

| न, शा, प, रो, छ, पा, मी |
| --- |

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| छ | | | |
| | | | रे |
| | | | |
| | ज | | |
| | | न | |


4. दिए गए चित्र के आधार पर पाँच वाक्य लिखिए।





Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

5. नीचे दिए गए चित्र के आधार पर कहानी-कथन कीजिए :






Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**6. कोष्ठक में दी गई क्रिया के योग्य रूप से रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए :**

(1) दुमदुमा गाँव में हमेशा पानी की कमी ———— थी। (रहना)

(2) बच्चे तालाब में ———— थे। (नहाना)

(3) खेतों में मक्का और धान ———— थे। (लहलहाना)

**7. (अ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उपयोग करके जो वाक्य लिखे हैं उन्हें पढ़िए और समझिए :**
**(लाल, सफेद, तीन, सुंदर)**

**वाक्य :** खेत में गायें चरती हैं।

(1) खेत में लाल गायें चरती हैं।

(2) खेत में सफेद गायें चरती हैं।

(3) खेत में तीन गायें चरती हैं।

(4) खेत में सुंदर गायें चरती हैं।

**(ब) कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उपयोग करके वाक्य लिखिए। (लाल, रंगबिरंगे, तीन, सुंदर)**

**वाक्य :** बगीचे में फूल खिले हैं।

(1)

(2)

(3)

(4)

**(क) निम्नलिखित शब्दों का उपयोग करके वाक्य बनाइए :**

होशियार, सुंदर, काला, छोटा, थोड़ा

D8L4S5



**स्वाध्याय**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(1) दुमदुमा गाँव की क्या समस्या थी ?

(2) पानी की कमी के कारण बच्चे क्या-क्या नहीं कर पाते थे ?

(3) रजिया ने पानी की कमी दूर करने के लिए क्या उपाय बताया ?

(4) ज़मीन खोदने के लिए बच्चे कौन-कौन से साधन लाए ?

(5) तालाब में बरसात का पानी भरने से दुमदुमा गाँव को क्या फायदा हुआ ?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. निम्नलिखित वाक्य कौन कहता है :**

(1) मैं बादलों से प्रार्थना करूँगा, रोज बरसो।

(2) बादल रोज कैसे बरस सकते हैं ?

(3) क्यों न एक बड़ा-सा गड्ढा खोदें, जिसमें बारिश का खूब सारा पानी भर जाए।

**3. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए :**

दुमदुमा, बादल, कड़ाही, छपा-छप, लहलहाए

**4. गुजराती में अनुवाद कीजिए :**

(1) बच्चे पानी में खेलना चाहते थे।

(2) पानी से खेतों की सिंचाई होती है।

(3) बारिश के पानी से तालाब में पानी भरा।

(4) बच्चों ने पानी की कमी दूर करने की सोची।

(5) एक दिन बच्चे खेल के मैदान में इकट्ठे हुए।

**5. निम्नलिखित शब्दों में से कोष्ठक में दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :**

[उपासना, दुःखी, युक्ति, वर्षा, स्तुति, वारि, व्याकुल, तरकीब, बरसात, नीर]

| प्रार्थना | उपाय | पानी | बारिश | परेशान |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**6. (क) आपके गाँव / मुहल्ले / आसपास या स्कूल में भी कोई न कोई समस्या ज़रूर होगी। पता कीजिए और लिखिए।**

- वह समस्या क्या है ?
- वह समस्या क्यों है ?
- वह समस्या किस प्रकार दूर हो सकती है ?
- उस समस्या को दूर करने में तुम और तुम्हारे साथी क्या योगदान दे सकते हैं ?

**(ख) इस समस्या के बारे में अपने सरपंच / नगर सेवक को पत्र लिखिए।**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## योग्यता-विस्तार

- **संकेतों को समझिए :**




ठहरिए




संकरा सेतु




वृत्ताकार रस्ता




आगे रास्ता संकरा है।




आगे रास्ता चौड़ा है।




प्रवेश निषेध




दोनों तरफ रास्ता बंद




सिर्फ साइकिल के लिए रास्ता




साइकिल निषेध

फावड़ा - પાવડો     कुदाल - કોદાળી

तसला - તગારું     टोकरी - ટોપલી

कड़ाही - કડાઈ

**सोचिए और समझिए :**

जल ही जीवन है।

एकता में ही बल है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in